हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 जुलाई 2024



11 झुग्गी बस्ती से निकलकर ऊंचाइयों को छूती बेटियां





12 मानसून सीजन में जमकर बरस रहे बदरा





SELECTIONS - 2024

NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

SUPERB 100

IIT/NEET/CA/CLAT

Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

I CAN DO

टेस्ट में अपार भागादीरी के लिए सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद! 5606 बच्चों ने यह टेस्ट दिया। बहुत से बच्चों को फ्री पढ़ाने का ऑफर था परन्तु टेस्ट में सफलता निर्धारित से कम बच्चों ने पाई। यदुवंशी स्कूल आगे भी सभी बच्चों को इस तरह का अवसर देता रहेगा। कक्षावार निम्न बच्चों ने क्वालीफाई किया है जिनको मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा दी जाएगी:-

"I CAN DO TEST" RESULT (Held on 07 JULY, 2024)

| Class | Name | Father's Name | Address | Previous School |
|---|---|---|---|---|
| 9th | Ishika | Anil | Sain Chowk | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Anvi | Prashant | Jakhrana | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Nancy | Devender | Rasuli | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |
| 9th | Avi | Sushil | Bashipur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Saksham | Randheer | Neepur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Sandhya | Bharat Singh | Khera | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Mahendergarh |
| 9th | Khushwinder | Amit | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Riya Bhardwaj | Roshanlal | Bapora | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Dhanimahu |
| 9th | Janvi | Dodram | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Priyanshi | Jitender | Asadpur | Rishi Public School, Rewari |
| 12th | Himanshu | Ramesh Kumar | Patikara | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 12th | Prachi | Ved Parkash | Uttam Nagar | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |

यदुवंशी शिक्षा निकेतन आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

OUR CAMPUSES

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Kosli : 9053002458 | Satnali: 9812330666 | Rewari: 8901167461 | Hansi : 9053905366 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134 |

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES

यदुवंशी कॉलेज

CELEBRATING 29 YEARS OF EXCELLENCE

हर बार यदुवंशी सबसे आगे

तोड़े सारे रिकॉर्ड

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली

98.60 %

शिवानी पुत्री श्री निरंजन सिंह

भारती पुत्री श्री शिव कुमार

98.40%

यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

1st Position in University

SHIVANI B.Sc. (H) Physics
ANKITA B.Sc. (H) Zoology
SUPRIYA B.Sc. (H) Zoology
ASHA B.A.
LOKESH B.P.Ed.
EKTA B.Sc. (H) Math
KALPANA M.Sc. Physics
DIKSHIKA B.Sc. (H) Chemistry
PREETI B.Sc. (H) Math
SUDHA B.Com. (H)
DEEPIKA M.Sc. Geography
KALPANA M.Sc. Chemistry
DEEPIKA M.A. Pol. Sci.
PHOGAT UJJWAL M.A. English

79 Students Above 90%
149 Students Above 85%
241 Students Above 80%
351 Students Above 75%
473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered

B.Sc. (HONS): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
B.A., B.A. (HONS) ENGLISH, BBA, BCA
M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
B.Sc. - B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
M.Ed., B.Ed., D.EL.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam
IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech
Polytech.
ITI

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position | 4th Position | 5th Position | 6th Position | 7th Position | 8th Position | 9th Position | 10th Position | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |

राव बहादुर सिंह

चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Rewari Road, Narnaul
8607052323 | 8607052424

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Mahendergarh
8607062323 | 8607062424

RBS DEGREE COLLEGE
Thanwas, N. Chaudhary
8607052424

TECHNICAL COLLEGES
Narnaul - 8607052323
Sohali - 9728396599

EDUCATION COLLEGES
Narnaul - 8222852523
Sohali - 9991904068
Dhani Mahu - 8949371674
M.Garh - 7056720275
Ch. Dadri - 7027135135

# 5 गांवों के चकबंदी में छोड़े गए रास्ते की जमीन पर रेलवे ने की अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- ग्रामीणों व किसानों की मांग, इस रास्ते के स्थान पर किसानों से जमीन एक्वायर कर समानांतर नया रास्ता बनाया जाए
- सांसद ने दिया आश्वासन, रेल मंत्री से मिलकर समस्या का समाधान करवाएंगे

उपमंडल के गांव अटेली बेगपुर, किसान नगर, गणियार, बिहाली व गोकलपुर गांवों के किसानों के लिए चकबंदी में छोड़े गए रास्ते पर रेलवे विभाग द्वारा एलसी 27 से गणियार नहर तक करीब चार किलोमीटर में आमरास्ता को अधिग्रहित किया जा रहा है। जो चार करम व किसान नगर से नहर तक दो करम का है। रेलवे लाइन दोहरीकरण में एक्वायर किए जाने से सैकड़ों किसानों और पांच गांवों के आम नागरिकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर किसानों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान करने की मांग की है। सांसद ने ग्रामीणों व किसानों का आश्वासन दिया कि वे रेल मंत्री के मिलकर उनकी समस्या का समाधान करवाएंगे। अटेली के युवा सरपंच देवेंद्र यादव ने के नेतृत्व में पांच गांवों के गणमान्य लोगों पूर्व सरपंच धर्मवीर यादव, पूर्व सरपंच हरदूल मास्टर, पूर्व सरपंच रतिराम, विद्यारत्न थानेदार, रामौतार बाबूजी, करण सिंह, पूर्व सरपंच धोलिया, पूर्व सरपंच रामौतार, दिलावर गणियार, रणबीर सिंह सरपंच बेगपुर, प्रताप सिंह थानेदार, रामनिवास बेगपुर, सीताराम सरपंच बिहाली, दिनेश मास्टर बेगपुर, अक्खीराम यादव अटेली व रोहताश बेगुपर आदि किसानों ने महेंद्रगढ़ भिवानी के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि को.ओ. 1478 (अ) केंद्रीय सरकार रेल (संशोधन) अधिनियम (2008 का 11) के तहत चकबंदी के समय कायम किए गए रास्ता सरेआम खसरा नंबर 131, 666, 661 वाका मौजा अटेली तहसील अटेली का जो लगभग चार किलोमीटर रास्ते को रेलवे दोहरीकरण लाईन डालने पर एक्वायर कर रही है और उसका मुआवजा रास्ता मानकर ग्राम पंचायत अटेली को दे रही है। पूर्व सरपंच धर्मवीर यादव ने बताया कि चकबंदी के समय का जो रास्ता सरेआम जेर खेवट नंबर 482 खतौनी नंबर 529 खराब नंबर 131, 666, 661 है, को हम प्रार्थीगण या किसानों की मिलकीयत भूमि से छोड़ा गया था, जिसे वे पांच गांवों की जनता व हम किसानों को कुओं पर आने-जाने में बोई समस्या उत्पन्न नहीं हो।

### रेवाड़ी से डाबला तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा

किसान नेता धर्मवीर यादव अटेली ने कहा कि रेवाड़ी से डाबला तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है, जिसमें रेल लाईन के स्थानांतरण एलसी 27 से गणियार नहर तक के रास्ते को एक्वायर करके इसके मुआवजे का ग्राम पंचायत अटेली में दिया जा रहा है। रेलवे लाइन का दोहरीकरण हो, यह एक विकास का मुद्दा है, लेकिन हम पांचों गांवों की जनता व ग्राम पंचायत अटेली चाहते हैं कि रास्ते को एक्वायर कर लिया जाए, लेकिन इसके स्थान पर रास्ते के साथ लगती किसानों की जमीन से चार करम का रास्ता लेकर उन किसानों को रेलवे मुआवजा दे, जिससे पांच गांवों व विशेषकर अटेली बेगपुर, किसान नगर गांवों के सैकड़ों परिवारों ने इस रास्ते का चकबंदी के समय से यह रास्ता है। इसके ऊपर अपने फार्म हाउस, मकान बना रखे है। देवेंद्र कुमार सरपंच अटेली ने भी पंचायत का रेजुलेशन के माध्यम से बीडीओ को बताया है कि इस रास्ते के स्थान पर किसानों से जमीन एक्वायर कर समानांतर नया रास्ता बनाया जाए, जिससे पांच गांवों के किसान व ग्रामीण इस रास्ते से प्रयोग कर सके। पूर्व सरपंच धर्मवीर यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि कितने ही धरने प्रदर्शन इन मुद्दों पर चल रहे है। अटेली बेगपुर, किसान नगर, गणियार आदि गांवों की जनता व किसान नहीं चाहते की वे रेलवे लाइन की दोहरीकरण में कोई अड़चन डालकर धरने पर बैठे। इससे पहले हरियाणा सरकार व केंद्र सरकार इस समस्या का समाधान कर हमें निजात दिलाए।

## खबर संक्षेप

### नर नारायण सेवा समिति ने चलाया पौधरोपण अभियान

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति के प्रधान व सदस्यों ने पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान उपचार गौशाला, स्व. आश्रम, स्टेडियम के सामने पौधे लगाए गए। समिति प्रधान रामसिंह मधुर ने पौधों का जीवन में महत्व के बारे में बताया व किस तरह से पौधे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है।

### बरसाती पानी से शहर की सड़कों ही हालत खस्ता

**महेंद्रगढ़।** मानसून की बारिश शुरू हो गई है, लेकिन शहर की सड़कें अब भी खस्ताहाल बनी हुई है। वहीं, बारिश के बाद शहर पहले से ही जर्जर सड़कों की हालत और खस्ता हो गई है। इससे राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर की 11 हट्टा बाजार, रेलवे रोड, मौहल्ला खटीकान, सिनेमा रोड समेत शहर कई सड़कें ऐसी हैं, जो बारिश के बाद हालात ओर भी खस्ताहाल हो गई हैं।

### पौधों का संरक्षण करने का लिया संकल्प

**महेंद्रगढ़।** एसपीजी-आईएएस स्कूल में बच्चों व अध्यापकों ने पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। विद्यालय स्टाफ द्वारा प्रत्येक कक्षा में बच्चों को पौधे बांटे गए। सीईओ रोहित राव डुलाना ने कहा कि जो भी पौधे लगाएं, वह उनकी देखभाल अवश्य करें। चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र राव ने कहा कि जिस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है।

### भाजपा राज में खंडहर बनी कानून व्यवस्था

**महेंद्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने बयान जारी कर हरियाणा में असुरक्षित नेतृत्व में चल रही सरकार को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में कानून और सरकार का नहीं, बल्कि जंगलराज चल रहा है। भाजपा राज में कानून व्यवस्था खंडहर बनी है।

### राव बसीसिंह पार्क में किया पौधरोपण

**नारनौल।** बंसीसिंह पार्क में स्कूली बच्चों ने पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष किशन चौधरी ने जब उन बच्चों को यह सामाजिक सरोकार का काम करते देखा तो वे भी उनके साथ पौधरोपण में लग गए। इसके बाद वहां सैर करने वाले सभी लोगों ने उन बच्चों का सहयोग किया तथा भविष्य में उन्हें ऐसे सार्थक कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया।

### हस्तीदेवी जनकल्याणार्थ समिति ने किया पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति की ओर से चलाए जा रहे पर्यावरण सखी कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को सरकार की मुहिम एक पौधा मां के नाम के तहत समिति संरक्षक माता बिमला देवी व एडवोकेट नरेंद्र राव द्वारा शहर के हुड्डा पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### कृषि विज्ञान केंद्र में वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया

**महेंद्रगढ़।** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार विभाग कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मंगलवार को गांव डिगरोता में स्थित पंडित रामनिवास मेमोरियल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. पूनम यादव ने सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।।

### जिला मुख्यालय की मांग को लेकर बैठक आज

**सतनाली मंडी।** नारनौल को अलग बनाकर महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर सतनाली में बुधवार को सरपंच देशराज पाली की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी बलवान फौजी ने बताया कि सीएम के गोहाना व हांसी को जिला बनाने की घोषणा करने के बाद अब महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी हैं।

## पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को नशा न करने की दिलाई शपथ

# नशा दीमक की तरह समाज व राष्ट्र को खोखला कर रहा है, नशे से दूर रहे छात्र

नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है।



नारनौल। पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस व नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के सानिध्य में उच्चतर शिक्षा आयुक्त, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्र आर्य के दिशानिर्देश व प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस व नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी कार्यक्रम संयोजक डा. चंद्रमोहन ने बताया हरियाणा सरकार व प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महाविद्यालय में समय-समय पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। महाविद्यालय नशा के प्रति हमेशा आवाज बुलंद कर रहा हैं। महाविद्यालय परिसर में अगर कोई विद्यार्थी या स्टाफ सदस्य नशा करता पाया जाता है, तो उसका चालान काटा जाएगा।

इसी कड़ी में मंगलवार को स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को नशा एक अभिशाप विषय पर सेमिनार व रैली के साथ नशा मुक्ति जागरूकता शपथ का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशा दीमक की तरह है जो इंसान समाज और राष्ट्र को अंदर-अंदर खोखला बना देता है। इसके बाद इंसान का स्वास्थ्य खराब होता है। जिस कारण वह कोई काम नहीं कर सकता। नशा बहुत तेजी से आज के युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है।

हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान लगातार चला रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के रूप में लोग शराब, गांजा, जर्दा, ब्राउन शुगर, कोकीन, स्मैक आदि मादक पदाथार्ं का प्रयोग करते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ सामाजिक व आर्थिक दोनों लिहाज से ठीक नहीं है। नशे का आदी व्यक्ति को समाज भी हेय दृष्टि से देखता है। इससे उसकी सामाजिक क्रियाशीलता खत्म हो जाती है, फिर भी वह व्यसन को नहीं छोड़ता है। नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि शराब, चीट्टा, भूकी, कोकीन, चरस, अफीम लोगों में उत्तेजना बढ़ाने का काम करती हैं। जिससे समाज में अपराध व गैरकानूनी हरकतों को बढ़ावा मिलता है। उपजिला चिकित्सा अधिकारी डा. हर्ष चौहान ने बताया कि शराब व तम्बाकू के सेवन से तपेदिक, निमोनिया व सांस की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके सेवन से जन व धन दोनों की हानि होती है। नागरिक अस्पताल के मनोचिकित्सक डा. अनिल कुमार ने कहा कि युवाओं में नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवन शैली, परिवार का दबाव, परिवार के झगड़े, इन्टरनेट का अत्यधिक उपयोग, एकाकी जीवन, परिवार से दूर रहने जैसे अनेक कारण हो सकते है।

महाविद्यालय उप प्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर व प्रोफेसर सोनू जागलान, डा. मनोज कनोजिया, डा. प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के जागरूकता के नारे लगवाएं। महाविद्यालय कुलसचिव व एनएसएस अधिकारी डा. सत्यपाल सालोदिया ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। एनसीसी व एनएसएस अधिकारी डा. पलक ने बताया कि नशीले पदाथार्ं के सेवन से मानसिक, सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से पतन होता है, इसलिए हमें हमेशा किसी भी तरह के नशे से बचना चाहिए।

## हकेंवि में लोकगीतों के महत्त्व पर चर्चा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) द्वारा वित्त पोषित प्रमुख शोध परियोजना के अंतर्गत शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक व्यवस्था में लोकगीतों का महत्व विषय पर ऑनलाइन पैनल चर्चा का आयोजन किया। पैनल चर्चा में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव की गरिमामयी उपस्थित रही। वहीं पैनलिस्ट विशेषज्ञ के रूप में हरविंद्र मलिक पैनल चर्चा में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने इस आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भारतीय लोकगीतों के सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय लोकगीतों को क्षेत्र रचनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के रूप में प्रस्तुत किया, जिनमें से प्रत्येक को प्रत्येक माह की लय, प्रत्येक ऋतु के रंग और विविध अवसरों के उल्लास को प्रतिबिंबित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। पैनल चर्चा की शुरूआत प्रो. नंद किशोर के परिचयात्मक भाषण के साथ हुई। उन्होंने आयोजन के विषय, महत्व तथा पैनलिस्टों/विशेषज्ञों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा स्वागत भाषण दिया। आयोजन में सम्मिलित विशेषज्ञ हरविंद्र मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणवी संस्कृति के प्रचार-प्रसार में संगीत, फिल्म और पेंटिंग्स आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा है। पैनल चर्चा में प्रमुख रूप से जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ. हनुमान सहाय मीना, प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता हरिओम कौशिक, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व हकेंवि की पूर्व शोधार्थी डॉ. कृष्णा कुमारी ने सहभागिता की।



### जिले में समाधान शिविरों में आई 119 शिकायतें

**नारनौल।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार लग रहे समाधान शिविरों की कड़ी में मंगलवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने महेंद्रगढ़ में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की। वहीं लघु सचिवालय में एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह ने समस्याएं सुनी। इसके अलावा नांगल चौधरी व कनीना में भी इसी तरह लोगों ने समाधान शिविरों में अपनी अर्जी दी। जिले में कुल 119 शिकायतें आई। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल व जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। समाधान शिविर के दौरान कई नागरिकों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही हुआ। जिले के गांव चंदपुरा निवासी तेजप्रकाश ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आया था।

### अनेक खेल सुविधाओं को जल्द मिलेगी मंजूरी

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की अनेक खेल सुविधाओं के जल्द मंजूर होने की उम्मीद है। इस बारे में सांसद धर्मबीर सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर अनेक सुविधाओं बारे जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने बारे कहा है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयास से केंद्रीय विश्वविद्यालय में लगभग 7 करोड़ की लागत से बनने वाले सिंथेटिक ट्रैक को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है तथा विश्वविद्यालय में 41 एकड़ भूमि खेल परिसर के लिए आरक्षित भी कर दी गई है। सांसद धर्मबीर सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर राष्ट्रीय स्तर की अनेक खेल सुविधाओं बारे जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने बारे कहा है। सांसद धर्मबीर सिंह को पिछली सरकार में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री की तरफ से इस बारे जल्द प्रस्ताव भेजने बारे पत्र प्राप्त हुआ था। संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह ने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैदान, राष्ट्रीय स्तर के इंडोर कुश्ती स्टेडियम, राष्ट्रीय स्तर के इंडोर कबड्डी स्टेडियम तथा बाक्सिंग स्टेडियम जिसमें दो रिंग हो, इन सभी का प्रस्ताव जल्द से जल्द भेजने बारे कहा है। उम्मीद है ये सभी सुविधायें केन्द्रीय विश्वविद्यालय में जल्द शुरू हो जाएंगी। जिससे इस क्षेत्र को बहुत लाभ होगा।

## समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करना: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। जनसमस्याएं सुनती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करना है, ताकि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकने से बचाया जा सके। यह पहल पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान करने के जिला प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने मंगलवार को कैंप कार्यालय व समाधान शिविर में कही। महेंद्रगढ़ में 63 शिकायतें दर्ज की गई। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस पहल का लाभ उठाएं और अपनी शिकायतों का तुरंत समाधान कराएं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि कोई भी नागरिक शिविरों से खाली हाथ न लौटें। समाधान शिविरों को नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों ने इसकी सुविधा के लिए इस पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना है। सभी विभागों के अधिकारी हर रोज उपमंडल स्तर पर सुबह नौ से 11 बजे तक शिकायतें सुनते हैं। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ दूर करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुलिस से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई व जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस मौके पर एसडीएम संजीव कुमार, एग्रीकल्चर विभाग से एसडीओ गजानंद शर्मा, एसईपीओ प्रवीन, कृष्णपाल व मोहनलाल, डीसी रीडर सुनील जांगड़ा, कल्याण विभाग से ममता यादव, समाज कल्याण विभाग से प्रदीप, श्रम विभाग से सुरेंद्र, क्रीड से रवि तंवर व अनीता भालोठिया, लिपिक प्रदीप के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## तीसरी बार हरियाणा में बनेगी भाजपा सरकार: बेगराज यादव

**मंडी अटेली।** किसान मोर्चा भाजपा जिला महेंद्रगढ़ की कार्यकारिणी की बैठक अटेली में मंगलवार को आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव रहे। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला महेंद्रगढ़ के महामंत्री मनीष शर्मा ने की। इस कामकाजी बैठक में मंडलों की कार्यकारिणी व प्रभारी की नियुक्ति की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी नीतियों व किसानों को अंत्योदय कार्ड की शुरुआत भी भाजपा सरकार द्वारा की गई है। किसान सम्मान निधि में महेंद्रगढ़ जिले में 18 करोड़ 4 लाख 22 हजार की राशि 90 हजार 21 किसानों को जारी गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व राज्य के किसानों व आमजन तक सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ओबीसी समाज के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है और अब प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस बैठक में किसान मोर्चा हरियाणा प्रदेश कोऑर्डिनेटर वासुदेव यादव, जिला महामंत्री मनीष शर्मा, प्रदीप यादव सराय, कमल सिंह नंबरदार, कृष्ण नावदी, राकेश भीलवाड़ा, उपेंद्र ढाणा, प्रेमप्रकाश, वेदप्रकाश डागर, सुनील देव, अमित कुमार, रोशन लाल शर्मा, राजेश गढ़ी, सत्यवीर खोड़, शक्ति पोता, प्रदीप मोहल्ड़ा, बलबीर व पवन सेन के अलावा भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।


मंडी अटेली। भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### चोरी का वाहन खरीदने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** चोरी का वाहन खरीदकर प्रयोग करने के मामले में थाना शहर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का दुपहिया वाहन खरीदने के मामले में आरोपित कमल वासी तरवाला थाना किशनगंज राजस्थल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ में पता लगाया कि आरोपित ने सात हजार में चोरी की बाइक खरीदी थी। जानकारी के अनुसार मनीष वासी शहरपुर हाल आबाद विकास नगर ने शहर थाना में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उसने बताया कि उसने अपनी बाइक उसकी दुकान के पास गली में खड़ी की थी, जो किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। इस पर थाना शहर में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है।



### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी ने मंगलवार को जिला प्रधान पवन कुमार व एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह के नेतृत्व में उपायुक्त के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें कहा कि कनीना ब्लॉक के सफाई कर्मियों का पांच महीनों से वेतन भुगतान नहीं हुआ। जिससे कनीना ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों के सामने घोर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है तथा महेंद्रगढ़ ब्लॉक के सफाई कर्मियों का दो महीनों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जिसका शीघ्र भुगतान किया जाए। इसके अलावा वर्दी भत्ता व धुलाई भत्ता सहित का 7000 रुपये का भुगतान किया जाए। इस अवसर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से एक और ज्ञापन के माध्यम से मृतक ग्रामीण सफाई कर्मचारी, जिनका ड्यूटी के दौरान निधन हो गया है, उन सभी के डेथ क्लेम व पीएफ का भुगतान नहीं होने के बारे में बताया और सभी देय लाभ प्रदान करने की मांग की।

## जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर संस्था ने समाज में एक अच्छा संदेश दिया

# गोठड़ी में आयोजित मेडिकल कैंप में 615 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। कैंप में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख राकेश कुमार ने भी किया रक्तदान। फोटो: हरिभूमि

गो माता उपचारशाला संस्था के प्रधान बिरेन्द्र सरपंच ने अपने जन्मदिन पर गोठड़ी गांव में रक्तदान शिविर लगा कर तथा स्वयं रक्तदान कर मनाया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार मुख्यातिथि रहे। रक्तदाताओं को बैच लगा कर सम्मानित किया। बिरेन्द्र सरपंच ने कहा कि जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर संस्था ने समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। रक्तदान के क्षेत्र में संस्था जो कार्य कर रही है वो बहुत ही सराहनीय है।

संस्था पूरे भारतवर्ष में आपातकाल स्थिति में रक्त उपलब्ध कराती है। संस्था के 615 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। वहीं इस शिविर में कई रक्तदाता ऐसे भी दिखे जिन्होंने जीवन में पहली बार रक्तदान किया तथा एक हजार से अधिक लोगों ने मेडिकल कैंप का लाभ उठाया। मेडिकल कैंप में अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल और मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ का सहयोग रहा। इस दौरान जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार ने कहा कि हमें अपने जन्मदिन, सालगिरह पर केक काटने के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन करना चाहिए, क्योंकि रक्त किसी फैक्टरी में नही बनता एक इंसान ही रक्तदान कर किसी दूसरे इंसान की जान बचा सकता है।

जिला प्रमुख ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। हर इंसान को साल में कम से तीन बार स्वेच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए, ताकि रक्त की कमी से किसी जरूरतमंद मरीज को अपनी जान ना गंवानी पड़े। इस मौके पर प्रदीप जिला प्रसाद, महेश डेलीगेट, सुनील सरपंच, प्रवीण सरपंच, कालू कुंडल टीम व मोनू मानेसर आदि लोगों ने शिविर में भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### लोहे का जाल चोरी, हादसों की संभावना बनी

**कनीना।** रेवाड़ी-बीकानेर ब्राडगेज आमान रेलवे लाइन पर गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन के समीप आरयूबी 89 पर बरसाती पानी के लिए डाला गया लोहे का जाल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिससे बरसात के दिनों में हादसा होने की संभावना बन गई है। इस लोहे के जाल का आरयूबी से बरसाती पानी के प्रवेश मार्ग पर बनाए गए चैंबर पर डाला गया था।

### फूड एंड सेफ्टी कोर्ट के केसों में किया चालान

**नारनौल।** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की देखरेख में प्रदेश में फूड सेफ्टी एक्ट लागू है। ऐसे में दूध व मिठाई विक्रेताओं को अपनी दुकानों का पंजीकरण करवाना जरूरी है। गैर पंजीकृत दुकानों पर जुर्माना लगाया जाएगा। दुकान पंजीकृत करवाने के लिए एफओएससीओएस डॉट एफएसएसएआई डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन किया जा सकता है। जिला में जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में अब तक फूड एंड सेफ्टी कोर्ट के केसों में तीन लाख 99 हजार 993 रुपये का चालान किया गया।

### पायगा में चलाया पौधरोपण अभियान

**महेंद्रगढ़।** अटल भूजल योजना की टीम द्वारा सोमवार को गांव पायगा में धर्मपाल नंबरदार की अध्यक्षता में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अटल भू-जल योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश पतंगे कहा कि कहा कि महेंद्रगढ़ जिले के पांच खंड में टीम की ओर से पौधरोपण किया जाएगा। टीम की ओर से जिले के सभी खंडों में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

### पौधारोपण कर युवाओं ने दिया संदेश

**कनीना।** प्रत्येक व्यक्ति को पौधे जरूर लगाने चाहिएं। पेड़ हमारे मित्र हैं। जीवनभर वे हमारी जरूरतों को पूरा करते हैं। ये विचार दिनेश कुमार वासी रसूलपुर ने बचीनी के रास्ते पर पौधे लगाते हुए ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक समारोह के आयोजनों पर पौधारोपण करना चाहिए। जिससे पर्यावरण संरक्षित रहेगा। वहीं शुद्ध ऑक्सीजन भी मिलती रहेगी। उन्होंने गांव के युवाओं के साथ मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

---

# पार्षदों के विरोध और बहिष्कार के बाद प्रधान ने बैठक की स्थगित, अगली रायशुमारी के बाद

**दल ने छठे दिन 25 व 28 वार्ड का किया दौरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिस वार्ड ने पार्षद चुना आमतौर पर उस पार्षद को अपने वार्ड के विकास कार्यों में ध्यान देना चाहिए। वार्ड में विकास कार्य करवाने के प्रति पार्षद गंभीर भी है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब पार्षद ही खुद के वार्ड के अलावा दूसरे वार्डों का दौरा कर खामियां प्रशासन तक पहुंच रहे है। जबकि यह कार्य प्रधान का होता है। बावजूद पार्षदों का दल मंगलवार छठे दिन भी दो वार्डों में गया और वहां की जनसमस्या देख प्रशासन व नप प्रशासन को अवगत करवाने का भरोसा दिलाया। वहीं दूसरी ओर, मंगलवार को पार्षद सदन की बैठक प्रधान ने बुलानी तय की थी लेकिन पार्षदों के विरोध और बैठक का बहिष्कार करने के ऐलान के बाद प्रधान ने बैठक स्थगित कर दी। अब आगे भविष्य में पार्षदों से रायशुमारी के बाद सदन की बैठक होगी।

### वार्ड नंबर 25 का हाल...

वार्ड नंबर 25 के पार्षद अजय सिंघल ने बताया कि उनका वार्ड जनसंख्या के हिसाब से सबसे बड़ा हैं और उसी लिहाज से यहां समस्याएं भी उतनी ही विकराल हैं। वार्ड में मोहल्ला महल में लगे गंदगी के ढ़ेरों को दिखाते हुए पार्षद ने बताया कि यहां सफाई के टेम्पो बराबर रूप से नहीं आते। वहीं सफाई कर्मियों की नफरी भी बेहद कम हैं। जिस कारण समस्याओं का अम्बार लगा ही रहता हैं। वहीं वार्ड की मुख्य समस्या छलक नाले की हैं। पूरा नाला जंगली पौधों से अटा पड़ा हैं। बरसात आने से पूर्व होने वाली नालो की सफाई इस बार नगर परिषद द्वारा नहीं करवाई गई। यह छलक नाला वार्ड नंबर 25 के अलावा वार्ड नंबर चार, पांच व 28 के अलावा अन्य तीन वार्ड में से भी होकर गुजरता हैं जोकि सभी की परेशानी का सबब है।



**नारनौल।** वार्ड 25 में अधूरे छलक नाले के पास कई माह से तोड़ी गई सड़क का हाल दिखाते पार्षद। *फोटो :हरिभूमि*

### वार्ड 26 की सड़क खुर्द-बुर्द

वार्ड नंबर 26 के पार्षद काशीराम ने अपने वार्ड के मुख्य सेन चौक को दिखाते हुए बताया कि यहां की सड़क एकदम खुर्द बुर्द हो चुकी हैं, जिसके कारण यहां आमतौर में रोजाना दो-चार वाहन चालक गिर रहे है। बरसाती पानी में खड्डे दिखतेनहीं और हादसे हो रहे है। दूसरी समस्या रामसिंह चौक के पीछे जोहड़ के चारों तरफ गंदगी का आलम हैं। जोहड़ की सफाई की जाए। इस दौरे में पार्षद नितिन चौधरी, पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद अजय सिंघल, पार्षद रविन्द्र भांखर, पार्षद काशीराम, पार्षद संजय सैनी, पार्षद देवेंद्र, पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज कर्मी करेंगे परिवहन मंत्री का घेराव

**नारनौल।** बिना किसी की मांग के 3658 प्राइवेट बस परमिट देने व 23 जून को मानी गई मांगों को लागू करवाने के लिए रोडवेज कर्मचारी 14 जुलाई को परिवहन मंत्री आवास अंबाला में घेराव करेंगे। यह जानकारी रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नारनौल डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने दी। यह घेराव सांझा मोर्चा के तत्वावधान में किया जाएगा। प्रधान ने बताया कि प्रदेश सरकार बिना किसी मांग के रोडवेज विभाग में 362 रूटों पर 3658 प्राईवेट बस परमिट देने जा रही है, जो कि सरकार का फैसला गलत है। वर्तमान में जो प्राइवेट परमिट धारक वाली बसें चल रही हैं, उन बसों में सरकार द्वारा दी जा रही किसी भी सुविधा को लागू नहीं किया जा रहा है।

---

## मांगों के समाधान के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन

# हड़ताल के दौरान बर्खास्त 975 आंगनबाड़ी वर्करों को मानदेय देने की मांग, किया प्रदर्शन

**सभा राज्य प्रधान कृष्णा देवी की अध्यक्षता में हुई व संचालन जिला सचिव संतोष ढिल्लो ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा संबंधित स्कीम वर्करस फेडरेशन ऑफ इंडिया एआईयूटीयूसी के बैनर तले मंगलवार को जिलेभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित हुई। इस अवसर पर राज्य प्रधान कृष्णा देवी की अध्यक्षता में सभा हुई। जिसका संचालन जिला सचिव संतोष ढिल्लो ने किया। सभा पश्चात लघु सचिवाल में जोरदार प्रदर्शन किया व हड़ताल के दौरान बर्खास्त 975 आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय देने तथा अन्य मांगों के समाधान हेतु ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम तहसीलदार को सौंपा। इससे पूर्व सभा को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान कृष्णा देवी व जिला सचिव संतोष ढिल्लो ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं प्रदेश के गांवों व शहरों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करते हैं। जहां केन्द्र व राज्य सरकार की पोषाहार नीति को लागू कर नौनिहालों को कुपोषण से बचाने का कार्य करने के साथ बच्चों के जन्म से लेकर 15 साल तक उनके समग्र विकास का ध्यान रखा जाता है। वक्ताओं ने कहा कि बेहद मामूली मानदेय पर काम कर रही आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकार अपना कर्मचारी भी नहीं मान रही। इतना ही नहीं सरकार ने आंगनबाड़ी कर्मियों को अभी तक श्रमिक का दर्जा भी नहीं दिया, ना ही न्यूनतम वेतन लागू किया गया है। ऐसे में आंगनबाड़ी कर्मियों को इस बढ़ती हुई मंहगाई में परिवार का जीवनयापन दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से की गई मानदेय बढ़ोतरी घोषणा को भी हरियाणा सरकार ने अभी तक लागू नहीं किया है।




**नारनौल।** लघु सचिवालय में प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर। *फोटो : हरिभूमि*

### मांगों को अनसुना किए जाने पर कर्मियों में रोष

उन्होंने कहा कि 2022 में आंदोलन के दौरान बर्खास्त 975 कर्मियों के मानदेय का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इस विषय पर मुख्यमंत्री कार्यालय व आवास पर ज्ञापन सौंप चुकी हैं। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों की बहुत ही वाजिब न्यायासंगत मांगों को सरकार की ओर से अनसुना किया जा रहा है, जिससे आंगनबाड़ी कर्मियों में भारी रोष है। यदि आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर राज्य प्रधान कृष्णा देवी, एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, जिला सचिव छाजूराम रावत, आंगनबाड़ी यूनियन की जिला सचिव संतोष ढिल्लो, ब्लॉक प्रधान कृष्णा कुमारी, कमलेश, जया, सावित्री, सरला, आशा, जसबीर, प्रेमलता, कृष्णा देवी, उर्मिला, सुमन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के उपप्रधान मुकेश कुमार ने सभा को संबोधित किया।

**प्रमुख मांगें:** 975 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का हड़ताल के दौरान का मानदेय भुगतान शीघ्र किया जाए, किसी भी तरह से आकस्मिक मृत्यु होने पर सहायता के रूप में दो लाख की राशि का भुगतान किया जाए, प्ले स्कूल में काम करने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों की तरह हेल्पर को भी 500 दिए जाए, आंगनबाड़ी सेंटरों में खाली पड़े सभी पदों को शीघ्र भरा जाए, ड्यूटी से बाहर के कार्य ना करवाए जाए, जब तक आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक कुशल श्रमिक का दर्जा अवश्य दिया जाए, सुपरवाइजर के पद पर 50 प्रतिशत पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर बिना शर्त की जाए, इन्टरनेट से काम करवाने के लिए इसकी रिचार्ज राशि दी जाए, इसका पिछला भुगतान भी किया जाए, वेतन का भुगतान हर माह किया जाना सुनिश्चित किया जाए, हैल्पर की पदोन्नति बिना शर्त वरिष्ठता के आधार पर अविलंब की जाए।

---

## न्यूज डायरी



### विद्या भारती स्कूल में किया पौधरोपण

**नारनौल।** सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत मंगलवार को विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में पौधरोपण किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने जीवन में पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधन ने इस मुहिम के तहत लगभग 1000 पौधे लगाने का निर्णय लिया। इस मौके पर विद्या भारती पब्लिक स्कूल के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविंद्रा यादव, प्राचार्य विनोद कुमार, उपप्राचार्य आरडी सिंह, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी, छिलरो गांव के पूर्व सरपंच रामसिंह आदि मौजूद थे।

### राकेश शर्मा ने विधायक मोहनलाल बड़ौली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर दी बधाई



राकेश शर्मा

**नारनौल।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा एडवोकेट ने राई से विधायक मोहनलाल बड़ोली को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मोहनलाल बड़ौली, जिन्होंने पिछले चार वर्ष से प्रदेश महामंत्री की भूमिका में संगठन को खड़ा करने का काम किया और उनके कर्तव्य निष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण भाव से निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व व कुशल संगठनकर्ता के कारण से हरियाणा भाजपा उनके कौशल से संगठन को मजबूत करने का काम करेगी।

### बड़ौली को अध्यक्ष बनाने से हरियाणा भाजपा संगठन होगा मजबूत : दयाराम यादव



दयाराम यादव

**नारनौल।** सोनीपत के राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली को हरियाणा भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मंगलवार प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि साल 1963 में सोनीपत जिले की राई तहसील के बड़ौलीगांव में उनका जन्म हुआ। मोहन लाल बड़ौली ने छोटे कार्यकर्ता के रूप में राजनीति पारी शुरू की थी। वह 1989 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हुए। इसके बाद भाजपा पार्टी में आए। साल 2019 में सोनीपत के राई से पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्हें सोनीपत जिला अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा वह हरियाणा भाजपा की कोर टीम में भी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा ओर मजबूत होगी तथा तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

---

# कांग्रेस के पक्ष में बन रहा माहौल

- 10 साल में भाजपा ने हलके में कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं दिया : प्रदीप एडवोकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा में किए गए बेहतर प्रदर्शन से कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनने लगा है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण लोगों का खुद का झुकाव है। आज लोग भाजपा की प्रत्येक नीति से दुखी है। जब वह गांवों में दौरा कर रहे है तो ग्रामीण उनके आगे भाजपा के क्रिया कलापों का बखान कर रहे है। अब तीन माह बाद ही विधानसभा चुनाव है। जनता इस चुनाव में कांग्रेस को बहुमत देकर सरकार बनाने में सहयोग करेगी। यह बात मंगलवार कांग्रेसी नेता प्रदीप यादव एडवोकेट ने नारनौल जोड़ो संकल्प यात्रा के तहत गांव डोहर कलां, डोहर खुर्द, कुतबापुर व सुभाष पार्क में लोगों के बीच जाकर कही। उन्होंने कहा कि इन 10 साल में भाजपा ने नारनौल हलके में कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं दिया। इससे लोग हताश है। दूसरी बात, नारनौल शहर की दशा सुधारने की बजाय सड़कें तोड़ दी, जिसका निर्माण आज तक नहीं हुआ है। अब बरसाती मौसम में वहां पानी एकत्रित हो रहा है और लोगों का धंधा चोपट हो रहा है। इस मौके पर उनके साथ महेश, जीतू सैनी, सुनील बागड़ी, त्रिलोक सैनी एडवोकेट, कमलजीत, विपिन, रामबीर आदि अनेक लोग मौजूद रहे।



**नारनौल।** ग्रामीणों को संबोधित करते कांग्रेसी नेता प्रदीप यादव एडवोकेट।

# यदुवंशी ग्रुप स्कूलों में आईकेन-डू सुपर-100 टेस्ट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन ग्रुप के स्कूलों में आईकेन-डू सुपर-100 टेस्ट का आयोजन किया गया। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए सफलता प्राप्त बच्चों को बधाई दी। यदुवंशी ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि कक्षा नौवीं में इशिका पुत्री अनिल कुमार, अनवी पुत्री प्रशांत यदुवंशी स्कूल नारनौल, नैंसी पुत्री देवेंद्र यदुवंशी स्कूल रेवाड़ी, अवि पुत्र सुशील कुमार यदुवंशी नारनौल, सक्षम पुत्र रणधीर यदुवंशी नारनौल, संध्या पुत्री भरत सिंह यदुवंशी महेंद्रगढ़, खुशविंद्र पुत्र अमित यदुवंशी नारनौल, रीया भारद्वाज पुत्री रोशनलाल यदुवंशी ढाणी माहू, जानवी पुत्री डोडराम यदुवंशी नारनौल, प्रियांशी पुत्री जितेन्द्र ऋषि पब्लिक स्कूल ने 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्राप्त की, जिसमें हॉस्टल व स्कूल फीस फ्री रहेगी तथा कक्षा 10वीं, 11वीं एवं पासआउट विद्यार्थियों में किसी भी विद्यार्थी ने स्कॉलरशिप प्राप्त नहीं की। कक्षा 12वीं में प्राची पुत्री वेदप्रकाश यदुवंशी रेवाड़ी, हिमांशु पुत्र रमेश कुमार यदुवंशी स्कूल नारनौल ने 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्राप्त की। डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव तथा चेयरपर्सन संगीता यादव ने स्कॉलरशिप प्राप्त सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# यदुवंशी कॉलेज की छात्रा प्रियंका ने यूनिवर्सिटी के टॉप-10 में पाया स्थान

- 82.9 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एमएससी फिजिक्स की छात्रा प्रियंका पुत्री मनोज ने 82.9 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा कॉलेज स्तर पर मुस्कान पुत्री प्रवीन, अनु यादव पुत्री योगेंद्र, अंकिता पुत्री अशोक ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस प्रकार इन तीनों विद्यार्थियों ने बराबर अंक लेकर दूसरे स्थान पर कब्जा किया। इन विद्यार्थियों में न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और यदुवंशी डिग्री कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी फिजिक्स के अच्छे परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यदुवंशी कॉलेज इसी तरह के परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्था डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि एमएससी भौतिक के बाद बायो फिजिक्स में पीएचडी की जा सकती है। निदेशक राजेंद्र यादव ने बताया कि भौतिक में मास्टर ऑफ साइंस डिग्री हासिल करने के बाद सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संस्थाओं अनुसंधान, प्रयोगशालाओं, परमाणु और अंतरिक्ष संगठनों एवं दूरसंचार क्षेत्र के कई अवसर उपलब्ध होते हैं। डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान के साथ-साथ कॉलेज की समस्त स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।



छात्रा प्रियंका।

---



### हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज से सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफैशनल्ज संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने मंगलवार को सीटीएम मंजीत कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि कम्प्यूटर ऑपरेटर ने 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफैशनल्ज संबंधित भारतीय मजदूर संघ कई वर्ष से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन आज तक सरकार ने किसी भी मांग को नहीं किया है। संगठन चाहता है कि डीआईटीएस के अधीन जितने भी कर्मचारी कार्यरत है, उन सभी को रेगुलाईजेशन पॉलिसी बनाकर रेगुलर करें, जब तक सरकार की पॉलिसी नहीं बनती है, तब तक हरियाणा कंप्यूटर प्रोफैशनल्ज को समान काम समान वेतन देते हुए 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज संघ ने कहा कि पुनः ज्ञापन भेजकर अनुरोध करते हैं कि 17 मई को बनी सहमति पर तुरंत प्रभाव से पत्र जारी करवाने का कष्ट करें, ताकि सभी कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज को इसका लाभ मिल सकें। इस मौके पर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफैशनल संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह, भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री भंवरलाल, कंप्यूटर प्रोफैशनल संघ प्रदेश कार्यकारिणी से रविराज, जिला कार्यकारिणी से अनिल कुमार सचिव आदि मौजूद रहे।

**लघु सचिवालय के पीछे उपायुक्त करेंगी शुरूआत**

# पौधरोपण कार्यक्रम का आगाज आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा उदय कार्यक्रम के द्वितीय फेज के तहत 10 जुलाई को सुबह सात बजे लघु सचिवालय के पीछे बने ग्राउंड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आगाज किया जाएगा। इसके साथ ही जिला भर में एक साथ सभी गांव व शहरों में अभियान चलेगा। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रथम फेज में गत वर्ष पांच जुलाई को जिला महेंद्रगढ़ में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम के तहत एक साथ पांच लाख पौधे लगाए गए थे। इसी प्रकार इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर 10 जुलाई को एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत जिले में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, ग्रामवासियों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। गांव में सभी ग्रामवासियों को एक वृक्ष अपनी मां के नाम से लगाने के लिए प्रेरित करते हुए 10 जुलाई को अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा गांव स्तर पर आपके नेतृत्व में इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि अपने गांव के लिए मांग अनुसार जिला वनराजिक अधिकारी से संपर्क करके निःशुल्क पौधे प्राप्त कर सकते हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस अभियान में आपकी सक्रिय भागीदारी से जिले में एक ही दिन में पौधारोपण का नया आयाम स्थापित करने में सहयोग करें।

### डीसी मोनिका गुप्ता ने सरपंचों को डीओ लेटर लिखकर किया पौधरोपण अभियान को कामयाब बनाने का आह्वान

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला महेंद्रगढ़ के सभी सरपंचों को डीओ लेटर लिखते हुए एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान को कामयाब बनाने का आह्वान किया है। अपने पत्र में डीसी ने कहा है कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी जनप्रतिनिधियों के सहयोग के साथ जिला में सघन रूप से पौधारोपण अभियान शुरू करना है। जिला के सभी सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि 10 जुलाई से इस अभियान में शामिल हो। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया है कि वह पूरे गांव को साथ लेकर किसी सार्वजनिक स्थान पर इस अभियान की शुरूआत करें। लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील करें। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक सार्वजनिक तथा निजी स्थान पर बड़े स्तर पर पौधरोपण करें।



### झुग्गी बस्ती से निकलकर ऊंचाइयों को छूती बेटियां

**नारनौल।** वो कहते है ना कि हालात चाहे जैसे भी हो, अगर कुछ करने की लगन हो तो कामयाबी आपके कदम चूमती है। यही साबित कर रही है झुग्गी में रहने वाली ये बेटियां। पढ़ाई से लेकर, समाजसेवा तक हर कार्य मे आगे रहने वाली स्लम एरिया टैलेंट की इन बेटियों के बढ़ते कदम को देखते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।। स्लम एरिया टैलेंट से हनी गुप्ता ने बताया कि उनकी टीम स्लम बस्ती में रहने वाले बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करके उन्हें निरंतर शिक्षित करने का कार्य कर रही है। अभी उनकी टीम की ओर से 95 बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। जिनमें 70 बेटियां है। इस मौके पर स्लम एरिया टैलेंट की तरफ से अतर सिंह, हनी गुप्ता, मुस्कान व मुस्कान मौजूद थी।

# ओबीसी वोट के गढ़ दक्षिणी हरियाणा पर भाजपा की नजर, अमित शाह 16 को ओबीसी मोर्चा की लेंगे बैठक

सतीश सैनी ⏭नारनौल

- भाजपा संगठन की 10 जुलाई को नारनौल के सीएल फार्म हाउस में होगी बैठक, स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता सहित अनेक मंत्री, विधायकों की रहेगी भागीदारी

हरियाणा में भाजपा का वोट बैंक कम हो रहा है। लोकसभा चुनाव 2019 में जहां हरियाणा की 10 की 10 सीट पर भाजपा की जीत हुई थी। अब पांच साल बाद यह आधी मतलब पांच सीट पर सिमट गई। प्रदेश की 10 लोकसभा की 90 में से 46 विधानसभा में कांग्रेस व 44 में भाजपा आगे रही है। अब तीन माह बाद विधानसभा चुनाव है।

भाजपा की चिंता है कि यहीं परिणाम अगर विधानसभा में दोहराया गया तो हरियाणा की सत्ता से बाहर हो जाएंगे। यहीं कारण है कि इस स्थिति को लोकसभा चुनाव से पहले ही भांपते हुए सीएम मनोहरलाल को हटाकर नायब सैनी को बनाया गया। इसके पीछे ओबीसी वर्ग का कार्ड खेलकर दोबारा सत्ता हासिल करना माना जा रहा है। आम चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में अगर सीएम मनोहरलाल होते तो भिवानी-महेंद्रगढ़ व गुरुग्राम सीट भी हाथ से निकल सकती थी।

इन दोनों ही लोकसभा में ओबीसी वर्ग का अच्छा खासा प्रभाव है। अब हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने पंचकूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्त स्पष्ट कर दिया था कि हरियाणा के अंदर भविष्य में होने वाला विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में ही लड़ा जाएगा। इसके बाद ओबीसी वर्ग को लामबंद करने के लिए भाजपा अलर्ट मोड़ पर है।

यहीं वजह है कि 29 जून के 17 दिन बाद ही फिर से गृहमंत्री अमित शाह का दौरा हरियाणा में तय हो गया है। पहले भिवानी का कार्यक्रम तय किया जा रहा था, अब दक्षिणी हरियाणा के अंतिम जिला महेंद्रगढ़ को चुना गया है। इस दौरे के दौरान 16 जुलाई को अमित शाह ओबीसी वर्ग को अपने पक्ष में करने की रणनीति तय करेंगे। उम्मीद लगाई जा रही है कि अमित शाह के अलावा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा प्रभारी सतीश पुनिया सहित ओबीसी से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

### पहले भिवानी होनी थी यह बैठक, अब महेंद्रगढ़ जिला का किया चयन, महेंद्रगढ़ विधानसभा में होगी बैठक

#### दक्षिणी हरियाणा की इन सीटों पर है ओबीसी का अच्छा खासा प्रभाव

*भिवानी-महेंद्रगढ़, गुरुग्राम व फरीदाबद लोकसभा के अधीन 19 विधानसभा ऐसी है, जहां ओबसी वर्ग अच्छा खासा है। इनमें भिवानी, अटेली, महेंद्रगढ़, नारनौल, नांगल चौधरी, बावल, रेवाड़ी, पटौदी, बादशाहपुर, गुरुग्राम, सोहना शामिल है। इनमें बावल व पटौदी आरक्षित सीट है, पर यहां ओबीसी वर्ग की संख्या भी है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा झज्जर व कोसली में भी ओबीसी वर्ग की संख्या है। इसके अलावा फरीदाबाद लोकसभा की विधानसभा पलवल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, एनआईटी, तिगांव व बड़खल है। आपको यह भी बताते चले कि ओबीसी वर्ग में 78 जाति को शामिल किया गया है।*

#### आज भाजपा संगठन की सीएल फार्म हाउस में बैठक

*भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने बताया कि 10 जुलाई को नारनौल के सीएल फार्म हाउस पर भाजपा की जिला विस्तारिका की बैठक होगी। इसमें स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता, प्रदेश मंत्री नसीम अहमद, सिंचाई मंत्री अभयसिंह यादव, पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, विधायक ओमप्रकाश यादव, अटेली विधायक सीताराम यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव सहित संगठन से जुड़े प्रत्येक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में भाजपा संगठन की ओर मजूबती की रणनीति तय की जाएगी। बैठक सुबह 10 बजे शुरू होगी और दोपहर दो बजे तक चलेगी।*

#### सीएम कर चुके ओबीसी आरक्षण 15 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की घोषणा

गुरुग्राम में ओबीसी मोर्चा सर्व समाज समरसता सम्मेलन में 24 जून को सीएम नायब सैनी ने ओबीसी वर्ग को बड़ी राहत देते हुए ग्रुप-ए व बी पदों पर पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ग्रुप में पिछड़े वर्गों के लिए रिक्त पदों के बैकलॉब को विशेष भर्ती अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। साथ ही क्रीमीलेयर के लिए वार्षिक आय सीमा छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने की बात कही। इस घोषणा से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के लोगों को रोजगार में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार की तर्ज पर इस इनकम में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएग, जिससे लाखों लोगों को फायदा होगा।

### शहर में बनी आफत, हर तरफ हुआ जलभराव

# मानसून सीजन में जमकर बरस रहे बदरा

सोमवार को दोपहर बाद दो बजे से तीन बजे तक इलाके में झमाझम बरसात हुई। इससे सभी तरफ जलभराव हो गया और लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल





नारनौल। जलभराव से जन-जीवन बना अस्त-व्यस्त व पार्क गली में जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

मानसून सीजन में समूचे क्षेत्र पर आजकल इंद्रदेव विशेष मेहरबान है। यही वजह है कि अबकी बार बारंबार झमाझम बरसात हो रही है। सोमवार दोपहर बाद भी क्षेत्र में मेघा जमकर बरसे। इस बरसात का आलम यह रहा कि शहर की गलियों, सड़कों एवं नालों ने नदियों का रूप ले लिया और लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। पार्क गली, मोहल्ला रावका में व्यास जी की हवेली वाली गली एवं सैन चौक समेत पूरे शहर में जलभराव का बेहद बुरा हाल रहा। शहर में डेढ़-दो फुट तो कहीं तीन से पांच फुट तक पानी भर गया। इस कारण बरसात का पानी अनेक जगहों पर घरों एवं दुकानों में घुस गया तथा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पार्क गली के लोगों में नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के विरुद्ध भारी आक्रोश देखा गया।

सोमवार को दोपहर बाद करीब दो बजे से तीन बजे तक इलाके में झमाझम बरसात हुई। इससे सभी तरफ जलभराव हो गया और लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। अब हल्की सी बरसात में ही नारनौल शहर में जलभराव होना आमबात है। इससे लोगों में नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के विरुद्ध रोष आमबात है। पार्क गली फिर से जलमग्न होने से यहां के दुकान बिफर गए और उन्होंने मीडिया के सामने नगर परिषद एवं जिला प्रशासनिक अधिकारियों को जमकर कोसा। पार्क गली में शूज पैलेस के मालिक एवं कारोता के पूर्व सरपंच मोहनलाल अग्रवाल, प्रधान धर्मबीर यादव, राकेश गुर्जर, विजय यादव, बनवारी लाल, बिल्लू यादव, रोहतास सैनी, सतीश शर्मा, हनुमान यादव, मोहनलाल सरपंच, जयप्रकाश गोयल कारोता, अजय अग्रवाल, अजीत फौजी, अजय शर्मा, प्रमोद यादव, अनिल कुमार, अविनाश, राजकुमार एवं कन्हैया आदि ने कहा कि यह प्रशासनिक अधिकारियों की घोर लापरवाही का परिणाम है और इससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले यहां का नाला खुला बना हुआ था, लेकिन पिछले साल बस स्टैंड पर एक वाहन पार्किंग बना दी गई है। पार्किंग वाले ने मनमर्जी से नाले को संकरा कर दिया है। इतना ही नहीं, यहां पहले खुला नाला होता था, तरुण लैब की तरफ से होते हुए यादव धर्मशाला की तरफ बहता था, लेकिन इस नाले पर राजनीतिक हाथ के चलते अवैध कब्जे कर लिए गए हैं और बरसाती नाला बंद कर दिया गया है। यह नाला करीब 110 फुट चौड़ा होता था। अब बरसात का पानी पार्क गली में ही रुकने लग गया है। पार्क गली में पुल बाजार तक का पानी बहकर आता है और आगे निकासी नहीं होने के कारण सारा पानी यहीं गली में भर जाता है, जिससे उनको काफी नुकसान होता है। 4 जुलाई को जब इसी तरह की बरसात हुई थी, तब पानी सुबह भरा था और अगले दिन तक भरा हुआ था। इस बाबत उन्होंने नगर परिषद के डीएमसी को ज्ञापन दिया। जिला प्रशासन को भी बार-बार अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही और न ही कोई समाधान किया जा रहा। नगर परिषद के जेई सुमेर को मौका दिखा चुके, लेकिन उन्होंने भी हाथ ऊपर खड़े कर दिए। डीएमसी महावीर प्रसाद शर्मा को तीन दिन पहले ही ज्ञापन दिया है।

इसी कड़ी में लोगों ने बरसात के वीडियो बनाकर प्रशासनिक अधिकारियों के पास भेजकर उन्हें शहर की जलभराव की स्थिति से अवगत कराने का प्रयास किया। लोगों ने बताया कि हल्की सी बरसात आने पर मेन बाजार महावीर मार्ग में बरसाती पानी दरिया की तरह बह रहा है। शहर के सभी सीवरेज व नालियां रुके पड़े हैं। नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग को इनसे कुछ लेना-देना नहीं। शहर डूबें या दुकानों में पानी घुसे, जनता का कितना भी नुकसान हो, उन्हें इसकी बिल्कुल परवाह नहीं है, क्योंकि हमारे नगर पार्षद और जनप्रतिनिधि की शायद कोई सुनता नहीं। अफसर शाही हावी है।



नारनौल। अनाज मंडी में जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

मोहल्ला चांदुवाडा में मैसर्स सूरज बोहरा एंटरप्राइजेज एवं डॉ. राजेंद्र प्रताप नरूला की कोठी के सामने सड़क पर 3 से 4 फुट बरसाती पानी खड़ा हो गया, जिसके कारण वहां खड़ी गाड़ी में पानी घुसने से इंजन भी सीज हो गया। बरसाती पानी दुकानों में घुसने से व्यापारियों का भी काफी नुकसान हुआ है। नगर परिषद के अधिकारी व जिला प्रशासन से बार-बार कहा गया है कि इसका कोई स्थाई समाधान करें।

#### जोरदार बारिश से अनाज मंडी हुई जलमग्न

शहर में दोपहर करीब ढाई बजे जोरदार बारिश हुई। जिससे शहर में नीचले हिस्से जलमग्न हो गए। सड़कों व अन्य जगहों पर बारिश का पानी जमा होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर राहगीरों व दोपहिया चालकों ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। बारिश से सबसे बुरा हाल नागरिक अस्पताल के साथ लगती अनाज मंडी, पार्क गली हुआ। मंडी में पानी निकासी के कोई प्रबंध नहीं होने के कारण जलभराव ज्यादा हुआ। जिससे मंडी में कई जगह पर तो दो फुट तक पानी जमा हो गया। मंडी के अशोक यादव व अन्य व्यापारियों ने कहा कि मार्केट कमेटी के अधिकारियों व कर्मचारी की अनदेखी के चलते अनाज मंडी में ऐसे हालात बने हैं।

#### यह कहते हैं अधिकारी

*नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता सुंदर सिंह श्योराण ने बताया कि पार्क गली की समस्या के समाधान के लिए वहां की जमीन का लेवल निकलवाया जा रहा है। पार्क गली से छलक नाले तक नया गंदा नाला बनाने की योजना है। यदि यह कामयाब हो गया तो फिर समस्या नहीं रहेगी। अतिक्रमण के बारे में उन्होंने कहा कि वह इस बारे में कुछ नहीं जानते। कागजात देखने उपरांत ही मिलकीयत के बारे में कुछ बता पाएंगे। रावका में नया ड्रेनज सिस्टम लगाया जाएगा। अन्य जगहों पर भी जल निकासी का प्रबंध किया जाएगा।*

## अरावली पहाड़ पर माइनिंग विभाग की छापेमारी, अवैध खनन के मिले प्रमाण

- दो ट्रैक्टर पकड़े, टीम को चकमा दे चालक एक ट्रैक्टर लेकर फरार
- छापेमारी अभियान को तेज करके माफिया पर अंकुश लगाने की बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। अवैध खनन के पत्थर से लोड ट्रैक्टर को कब्जे में लेती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

माइनिंग विभाग की टीम ने अलसुबह जैनपुर के पहाड़ पर छापेमारी करके दो ट्रैक्टरों को पकड़ा है। एक ट्रैक्टर चालक ट्राली को छोड़कर तथा दूसरा लोडिड ट्रैक्टर को लेकर भागने में सफल हो गया। करीब एक घंटे चली कार्रवाई में टीम ने पहाड़ की पूरी अवैध खदानों का निरीक्षण किया। जिसमें बड़े स्तर पर पत्थर खनन करने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने मौके पर पुलिस को बुलाकर शिकायत दर्ज करवाई है।

माइनिंग विभाग को बीते करीब 20 दिनों से अरावली परियोजना में शामिल पहाड़ पर अवैध पत्थर खनन होने की शिकायतें मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर विभागीय टीम ने मंगलवार की सुबह करीब छह बजे जैनपुर की तरफ से पहाड़ पर दाबिश दी। इस दौरान नजदीकी दो खदानों में दो ट्रैक्टर लोडिंग हो रहे थे, तीसरा ट्रैक्टर आधा किलोमीटर दूर दूसरी खदान में लोड हो रहा था। टीम ने घेराबंदी करके एक ट्रैक्टर को कब्जे लिया तथा दूसरे की तरफ रवाना हुए, लेकिन ट्रैक्टर से ट्राली को अलग करें चालक भागने में कामयाब हो गया। तीसरा ट्रैक्टर चालक पत्थरों से भरी ट्राली लेकर फरार हो गया। छापेमारी की सूचना पर खनन माफिया में हड़कंप मच गया तथा संसाधनों को लेकर भागना शुरू कर दिया। छापेमार टीम ने करीब तीन किलोमीटर लंबे पहाड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान 35 से अधिक खदानों में बीती रात खनन होने की पुष्टि हुई, लेकिन कार्रवाई शुरू होने से पहले ही माफिया पत्थरों को लेकर खदानों से रवाना हो चुका था। कार्रवाई की भनक लगने पर सैकड़ों ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने विभागीय टीम व पुलिस की लचर कार्यशैली पर रोष जताया। कहा कि रात को 10 बजते ही खनन माफिया संसाधनों समेत पहाड़ पर पहुंच जाता है। पूरी रात धड़ल्ले से पत्थर खनन करते हैं। इसके बाद सुबह पांच बजे चले जाते हैं। टीम ने शिकायतों की खानापूर्ति करने के लिए सुबह छह बजे छापा मारा है। जिससे विभाग व माफिया के साथ मिलीभगति होने का संदेह बढ़ गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से पहाड़ के पास नाका लगाने की गुहार लगाई है, ताकि अवैध खनन पर स्थाई रूप से अंकुश लग सकें।

#### औचक छापेमारी का अभियान तेज करेंगे

*जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जैनपुर के पास पहाड़ पर छापेमारी करके अवैध खनन के पत्थर से भरा ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। एक ट्रैक्टर चालक ट्राली को खाली करके व मौके पर ही छोड़कर भाग गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर को इंपाउंड करके चालान काट दिया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। विभाग की ओर से छापेमारी अभियान को तेज किया जाएगा।*

## पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, तीन आरोपित गिरफ्तार

- पैसों के लेनदेन के चलते दिया था वारदात को अंजाम



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपित। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने सतनाली क्षेत्र में ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान टिंकू उर्फ भोली वासी वार्ड नंबर-नौ महेंद्रगढ़, तुषार उर्फ पाया वासी मौहल्ला कायमपुरा मसानी चौक महेंद्रगढ़ और कुलदीप उर्फ टोनी वासी मौहल्ला काली का टिब्बा महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है। आरोपितों ने पैसों के लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। डीएसपी मोहम्मद जमाल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि थाना सतनाली पुलिस को तीन जुलाई को ब्लाइंड मर्डर की सूचना मिली थी। इस मामले में एसपी अर्श वर्मा के निर्देशानुसार डीएसपी मोहम्मद जमाल की अगुवाई में तीन टीमों का गठन किया और मामले में आरोपितों का पता लगाकर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस टीमें लगातार आरोपितों को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई थी। डीएसपी ने बताया कि आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद हरिद्वार भाग गए थे।

पुलिस टीमों ने आरोपितों को पानीपत के पास से धर दबोचा और गिरफ्तार कर लिया। जिनसे पूछताछ में पता लगाया कि पैसों के लेनदेन को लेकर आरोपितों ने हत्या को वारदात को अंजाम दिया था। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, आरोपितों से पुलिस द्वारा मामले की पूछताछ की जा रही है।

#### पुलिस में यह दी शिकायत

मामले की शिकायत मृतक की पत्नी मनीषा ने सतनाली थाना में दी थी, जिसमें उसने बताया था कि दो जुलाई को लगभग आठ- 8.30 बजे पर उसके पति सुरेंद्र के पास बार-बार किसी का फोन आ रहा था, उसके बाद सुरेंद्र 8.30 बजे पर घर से निकल लिया, जो वापिस घर नहीं आया। तीन जुलाई को सुबह सूचना मिली कि सुरेंद्र की किसी अज्ञात व्यक्तियों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी है, जिसकी लाश गांव-सुरेहती जाखल बणी में सड़क किनारे पड़ी हुई है। शिकायतकर्ता ने नाम पता नामालूम व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 103 (1), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कब्जा हटवाने गई टीम के सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सतनाली।** क्षेत्र में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने गई टीम के सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सतनाली की टीम ने आरोपित सांवत वासी श्यामपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। आठ जुलाई को ग्राम पंचायत श्यामपुरा में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने के लिए बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेणुलता मौजूद थी, उनके साथ मौके पर ईपीओ सतनाली प्रवीण कुमार, ग्राम सचिव राहुल गौतम, गांव श्यामपुरा सरपंच कविता भी उपस्थित थे। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने सांवत सिंह से सक्षम न्यायलय के बंदी आदेशों के बारे में पूछा, लेकिन कब्जाधारी कोई भी बंदी आदेश (स्टे-आर्डर) प्रस्तुत करने मे असफल रहा। इसके बाद ट्रैक्टर चलाकर पचांयत की उक्त भूमि को खाली करवाने की कार्यवाही शुरू कि गई। कार्यवाही शुरू होते ही अवैध कब्जाधारी सांवत सिंह ने अपने ट्रैक्टर को तेज गति से चलाकर सरकारी कार्य मे बाधा डालते हुए जान से मारने के इरादे से ट्रैक्टर चालक धर्मबीर को टक्कर मार दी। पुलिस प्रशासन की सहायता से सांवत व उसके ट्रैक्टर को कब्जा में ले लिया गया। इस घटना के दौरान ट्रैक्टर चालक धर्मबीर को चोट आई व ट्रैक्टर को भी नुकसान हुआ।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वाला काबू



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

**नारनौल।** अटेली क्षेत्र में रास्ता रोककर डंडों, लोहे की पाइप से चोटें मारने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए अटेली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान यशवंत वासी चंदपुरा अटेली के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को खोड़ मोड़ अटेली से गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ मारपीट के दो ओर मामले दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता रोहित वासी चंदपुरा ने थाना अटेली में शिकायत दी कि वह बैंगलौर से जीएनएम कर रहा है। उसने बताया कि एक जुलाई को वह ट्रैक्ट्रर से अपने खेत में हल जोत रहा था। जब वह खेत में था तो उनके गांव के यशवंत व उसके दोस्त अमित तथा अंकित बाइक पर खेत में आए। यशवंत ने ट्रैक्टर रोककर उसको पिस्टल दिखाकर उसे ट्रैक्टर से नीचे उतार लिया और तीनों ने मिलकर डंडों व लोहे की पाइप से चोटें मारी व जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धारा व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित यशवंत को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

जानकारी

### भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण डायरेक्टर जनरल ने ली अधिकारियों की बैठक

# 5 व 15 वर्ष की आयु के बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट करवाएं नागरिक 14 सितंबर तक ऑनलाइन आधार अपडेशन होगा नि:शुल्क

- समाधान शिविरों में आधार कार्ड को लेकर आ रही समस्याओं के निदान पर हुआ विचार विमर्श
- आधार से संबंधित शिकायत के लिए नागरिक 1947 पर करें डायल
- आधार केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल



नारनौल। अधिकारियों के साथ बैठक करती डायरेक्टर जनरल भावना गर्ग। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविरों के दौरान आधार कार्ड के संबंध में आ रही समस्याओं को जानने के लिए मंगलवार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की चंडीगढ़ रीजनल ऑफिस की डायरेक्टर जनरल भावना गर्ग ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता भी मौजूद थी। डायरेक्टर जनरल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब तक समाधान शिविरों में आधार कार्ड को लेकर आ रही जो समस्याएं हैं उनकी सूची बनाकर रीजनल ऑफिस भेजी जाए, ताकि एक बार में ही उनका समाधान करवाया जा सकें। इस बैठक में उन्होंने कुछ मामलों की केस स्टडी करते हुए उनके समाधान के निर्देश दिए। गर्ग ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड में जन्म तिथि में एक बार ही त्रुटि ठीक की जाती है। दोबारा ठीक करवाने के लिए खुद आवेदक को रीजनल ऑफिस चंडीगढ़ आना पड़ता है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पांच और पंद्रह साल पर बच्चों का मैंडेटरी बायोमैट्रिक अपडेट करवाएं और आधार में ईमेल आईडी मोबाइल नंबर भी अपडेट रखे। डायरेक्टर जनरल ने कहा कि बच्चों के आधार कार्ड के लिए जन्म प्रमाण पत्र जरूरी है। इसके बिना आधार कार्ड बनवाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के संबंध में अगर किसी भी प्रकार की परेशानी है, तो वह 1947 पर कॉल कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने जिला के विभिन्न आधार केंद्रों का भी औचक निरीक्षण किया। इस बैठक के दौरान उपायुक्त मोनिका गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, सीटीएम मंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार, एनआईसी से नीतीश यादव तथा आधार ऑपरेटर जितेंद्र के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### 14 सितंबर तक ऑनलाइन आधार अपडेशन होगा नि:शुल्क

डायरेक्टर जनरल ने बताया कि सरकार ने निवासियों के आधार को मजबूत करने के लिए उनके नवीनतम पहचान प्रमाण और पते के प्रमाण दस्तावेजों को अपडेट करके एक अभ्यास शुरू किया है, यदि उन्होंने 2015 से पहले आधार के लिए नामांकन किया था और इसे एक बार भी अपडेट नहीं किया है। उन्होंने उन निवासियों से अपील की कि वे अपने आधार को निकटतम आधार केंद्र पर या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सहायक दस्तावेज पीओआई और पीओ दस्तावेज अपलोड करके अपडेट करें। 14 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन अपडेशन नि:शुल्क है। उन्होंने आधार सुविधाओं के बारे में जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि निवासी सुरक्षा के लिए अपने बायोमेट्रिक्स को ऑनलाइन लॉक कर सकते हैं। गर्ग ने पांच व 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट को अनिवार्य बनाने पर भी जोर दिया। जिसके लिए उन्हें नजदीकी आधार नामांकन केंद्रों पर जाना होगा। यह सुविधा नि:शुल्क है।